**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**12.03.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा– इस वर्ष के अंत तक एचआरटीसी में बदली जाएंगी एक हजार पुरानी बसें।
- राज्यपाल के अभिभाषण पर सरकार द्वारा लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर सत्तापक्ष और विपक्ष में तीखी नोंक–झोंक।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–राज्य सरकार ने नशे के खिलाफ अपनाई जीरो टॉलरेंस की नीति।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के साथ चर्चा के बाद पटवारी व कानूनगो महासंघ ने हड़ताल समाप्त करने का किया ऐलान।

**अब समाचार विस्तार से**

**प्रश्नकाल**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि एचआरटीसी इस वर्ष के अंत तक एक हजार पुरानी बसों को बदलकर उनके स्थान पर नई बसों की खरीद करेगी। इसके तहत 6 सौ बसों की खरीद का ऑर्डर जारी कर दिया है और इनमें 3 सौ 27 इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं। शिमला में चल रहे विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन आज प्रश्नकाल के दौरान विधायक रणधीर शर्मा के मूल और बिक्रम ठाकुर व डॉक्टर हंसराज के अनुपूरक सवालों के जवाब में उप–मुख्यमंत्री ने ये जानकारी दी। अग्निहोत्री ने कहा कि एचआरटीसी में 15 सौ इलैक्ट्रिक बसों को शामिल करने की योजना है। इस कार्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह मामला केंद्र सरकार से भी उठाया गया है। उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि इलैक्ट्रिक बसों की खरीद और चार्जिंग स्टेशन के लिए नाबार्ड की मदद ली जा रही है। उन्होंने कहा कि अभी 3 सौ 27 इलैक्ट्रिक बसों की खरीद की जाएगी। विधायक बिक्रम ठाकुर और हंस राज के अनुपूरक सवाल के जवाब में मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश के दूरदराज इलाकों में बसें उपलब्ध करवाई जा रही है और जनजातीय इलाकों के लिए सौ टैंपो ट्रैवलर खरीदे जाएंगे। विधायक हंसराज के सवाल के जवाब में लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश में अब सड़क निर्माण का कार्य तभी शुरू होगा, जब विभाग के नाम उस सड़क की सभी गिफ्ट डीड होगी।

विक्रमादित्य सिंह ने विधायकों से भी कहा कि वे भी अपने–अपने क्षेत्रों में लोगों को इस संबंध में अवगत करवाएं ताकि जमीन विभाग के नाम हो और सड़कों का निर्माण शुरू हो सके। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि लोक निर्माण विभाग ने पहले जो सड़कें बनाई हैं, उसके मुआवजे की 12 सौ करोड़ रुपए की देनदारी लंबित है। विधायक मलेंद्र राजन और डीएस ठाकुर के सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि राज्य में डॉक्टरों के खाली पदों को जल्द भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि 15 सौ पैरामेडिकल और नर्सिंग के पद भी भरे जाएंगे जबकि 33 डेंटल डॉक्टरों के पद बैचवाइज भरे जाएंगे। विधायक विनोद सुल्तानपुरी के सवाल के जवाब में ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि सरकार राज्य के ग्रामीण और पर्यटन स्थलों में कूड़ा निस्तारण के लिए 8 सौ ई–व्हीकल की खरीद करेगी।

## अभिभाषण चर्चा

प्रदेश विधानसभा में आज राज्यपाल के अभिभाषण पर सरकार द्वारा लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोक झोंक हुई। विपक्षी सदस्यों ने जहां सरकार की नाकामियों को उजागर करने का प्रयास किया, वहीं, सत्ता पक्ष ने अपनी सरकार की उपलब्धियों का बखान किया।

राज्यपाल के अभिभाषण पर सरकार द्वारा लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सदन का माहौल गर्मा गया और सत्तापक्ष व विपक्ष के सदस्यों के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कांग्रेस सरकार को उनकी गारंटियों पर घेरते हुए कहा कि महिलाओं को 15 सौ रुपए देने का चरणबद्ध तरीका समझ नहीं आ रहा, जबकि कहा यह था कि सभी महिलाओं के खातों में 15 सौ रुपए आएंगे। उन्होंने कहा कि गोबर खरीद का भी ऐसा ही हाल है। दूध खरीद को लेकर सरकार ने कहा था कि वह 100 रुपए लीटर दूध खरीदेंगे, लेकिन इसमें भी ऐतिहासिक वृद्धि की ही बात की जा रही है। सत्ती ने गोबर खरीद मामले पर कहा कि यह सरकार की गले की फांस बन गया है। उन्होंने अवैध खनन पर सरकार को घेरते हुए कहा कि स्वां नदी का चेनेलाइजेशन तबाह कर दिया गया है। पंजाब से खनन माफिया हिमाचल पहुंच रहा है। सत्ती ने कहा कि दो सालों में 30 हजार करोड़ रुपए का लोन कांग्रेस सरकार ने लिया, सरकार ने ट्रेजरी बंद कर दी, एक हजार 4 सौ संस्थान बंद किए, यह कांग्रेस सरकार की उपलब्धि है और इसका जिक्र सरकार ने नहीं किया। उन्होंने कहा कि इस बार 60 और 8 की लड़ाई होगी। इस दौरान कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को 5 साल का जनादेश दिया है और सरकार पांच साल में अपनी सभी गांरटियों पूरा करेगी और दोबारा सत्ता में आएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने ओवर ड्राफ्टिंग कर प्रदेश की आर्थिकी को पटरी से उतारा है और मुख्यमंत्री इसको ठीक कर रहे हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार अभी तक एक करोड़ 40 लाख रुपए का गोबर खरीद चुकी है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कृषि मंत्री के जवाब पर कहा कि उनके साथी सतपाल सत्ती ने कुछ गलत नहीं कहा है। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी बताए कि प्रदेश में कितने स्थानों पर आदर्श स्वास्थ्य संस्थान खोले गए हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार गलत बयानबाजी बंद करे और विपक्ष की आवाज को रोकने का प्रयास न करें। चर्चा में विधायक रामकुमार चौधरी, मोहन लाल ब्राक्टा, रणधीर शर्मा, राकेश कालिया, रणवीर सिंह निक्का, सुखराम चौधरी और संजय अवस्थी ने भी भाग लिया।

## बजट

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि कार्य सलाहकार समिति की सिफारिश पर बजट सत्र के लिए जारी कैलेंडर में आंशिक परिवर्तन किया गया है। उन्होंने कहा कि अब 14–15 और 16 मार्च को सत्र की कोई बैठक नहीं होगी जबकि 17 मार्च को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू दोपहर बाद 2 बजे के बजाए सुबह 11 बजे वित वर्ष 2025–26 का बजट सदन में प्रस्तुत करेंगे।

## सुखविंदर सिंह सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार ने पिछले दो माह से प्रदेश भर में नशे के खिलाफ अभियान चलाया है और नशे के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है। वे आज हमीरपुर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल महाविद्यालय के वार्षिक समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है और राज्य सरकार युवाओं को नशे की दलदल में जाने से रोकने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश में गुणात्मक शिक्षा के स्तर में गिरावट आयी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार प्री–नर्सरी से जमा दो तक एक ही निदेशालय बनाने की अधिसूचना जल्द ही जारी करेगी।

## हड़ताल समाप्त

प्रदेश में पिछले कई दिनों से जारी पटवारियों और कानूनगो की हड़ताल समाप्त हो गई है जिससे अब राजस्व संबंधी कार्य सुचारू रूप से हो सकेंगे। पटवारी व कानूनगो महासंघ ने आज शिमला में राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी के साथ हुई बैठक के बाद हड़ताल खत्म करने का ऐलान किया। जगत सिंह नेगी ने कहा कि बैठक के दौरान महासंघ की विभिन्न मांगों पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि महासंघ को ये स्पष्ट कर दिया गया है कि राज्य सरकार द्वारा जारी स्टेट कैडर की अधिसूचना से पटवारी और कानूनगो की पदोन्नति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## सेना भर्ती

भारतीय सेना में अग्निवीर योजना के तहत वर्ष 2025–26 के लिए प्रदेश के शिमला, सोलन, सिरमौर और किन्नौर जिले के युवाओं के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। यह पंजीकरण प्रक्रिया 10 अप्रैल तक जारी रहेगी। भर्ती कार्यालय शिमला की भर्ती निदेशक कर्नल पुष्िंदर कौर ने बताया कि सभी योग्य उम्मीदवारों को भारतीय सेना की विभागीय वेबसाइट पर पंजीकरण करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना में भाग लेने के लिए उम्मीदवार की पात्रता व शर्तें वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

**भाजपा प्रदर्शन**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, नशे के बढ़ते प्रचलन और राज्य सरकार के कथित जनविरोधी निर्णयों के खिलाफ 27 मार्च को विधानसभा का घेराव कर प्रदर्शन करेगी। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आज शिमला में एक संयुक्त पत्रकारवार्ता के दौरान ये ऐलान किया।

**सिकंदर कुमार**

केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव ने बताया है कि राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड आयुष मंत्रालय ने शतावरी के स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए 6 फरवरी 2025 से विशेष अभियान शुरू किया है। राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार के एक सवाल के जवाब में संसद में उन्होंने ये जानकारी दी। प्रताप राव जाधव ने बताया कि शतावरी पौधे की कंदीय जड़ें महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत शतावरी के पौधों का वितरण आई.ई.सी. सामग्री और कार्यशालाओं के आयोजन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान है।

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा– इस वर्ष के अंत तक एचआरटीसी में बदली जाएंगी एक हजार पुरानी बसें।
- राज्यपाल के अभिभाषण पर सरकार द्वारा लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर सत्तापक्ष और विपक्ष में तीखी नोंक–झोंक।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–राज्य सरकार ने नशे के खिलाफ अपनाई जीरो टॉलरेंस की नीति।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के साथ चर्चा के बाद पटवारी व कानूनगो महासंघ ने हड़ताल समाप्त करने का किया ऐलान।